# यूपी से राजस्थान तक बाढ़ का तांडव

- गंगा-फल्गु नदियों में उफान, पटना-चित्रकूट में बाढ़ संकट
- बिजली गिरने से 17 मौतें, 30 हजार परिवारों ने छोड़ा घर

**नई दिल्ली , 18 जुलाई.पटना के प्रदेश और पड़ोसी राज्यों में लगातार हो रही वर्षा के कारण गंगा, सोन, गंडक और पुनपुन जैसी प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है. इसी क्रम में, उदेरा स्थान बराज से अचानक पानी छोड़े जाने के बाद फल्गु और दरधा नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है. इससे पटना जिले के फतुहा, दनियावां, धनरूआ और खुशरूपुर अंचलों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है.**

कई गांवों में खेतों तक पानी पहुंच चुका है, जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं.बिहार में पिछले 24 घंटों में बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई. सबसे ज्यादा 5 मौतें नालंदा में हुईं. वैशाली में 4, बांका और पटना 2-2 लोगों की जान चली गई.



**नदी का जल स्तर हर घंटे 1 सें.मी. बढ़ रहा**

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में ओहान बांध का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है, जिसके कारण बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है. वाराणसी में गंगा उफान पर हैं. नदी का जलस्तर हर घंटे 1 सेमी बढ़ रहा है. इसके अलावा वरुणा नदी भी उफान पर है. करीब 30 हजार घरों ने बाढ़ का पानी आने से पहले ही पलायन की तैयारी शुरू दी है.चित्रकूट और मिर्जापुर में कई इलाकों में

जिलाधिकारी डा. त्यागराजन ने सभी अधिकारियों को बाढ़ की आशंका से निपटने के लिए मानक प्रक्रिया के तहत त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए.उन्होंने कार्यपालक अभियंता को ईसी बैग सहित अन्य बाढ़ संघर्ष सामग्री का पूर्व भंडारण सुनिश्चित करने को कहा. इसके अलावा, तटबंधों और बांधों का नियमित निरीक्षण करने तथा तुरंत टूटे बांधों की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए गए.

राजस्थान और उत्तर प्रदेश भी हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं. झालावाड़ में रेवा नदी का जलस्तर बढ़ने से ढाबा गांव पूरी तरह जलमग्न हो गया है.राजस्थान के राजसमंद में एक वैन में तीन बच्चों समेत सात लोग सैलाब में फंस गए. वैन से निकले कुछ लोग किनारे आने की कोशिश में पेड़ पर फंस गए थे. करीब 2 घंटे के रेस्क्यू के बाद सभी को बचा लिया गया.



## ट्रम्प नसों की पुरानी दिक्कत से परेशान

**वाशिंगटन, 18 जुलाई.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पैरों के निचले हिस्से में सूजन और दाहिने हाथ में चोट के निशान वाली तस्वीरों को लेकर कई दिनों से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति नसों की एक पुरानी बीमारी से पीड़ित हैं.व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट गुरुवार को यह जानकारी दी.लेविट के अनुसार हाल ही में पैरों में सूजन आने के बाद ट्रम्प ने संवहनी परीक्षण सहित एक व्यापक जांच करवाई.लेविट की ब्रीफिंग के बाद व्हाइट हाउस ने अमेरिकी नौसेना के एक अधिकारी शॉन बारबेला का पत्र जारी किया. इसमें कहा गया है कि ट्रम्प ने कई परीक्षण करवाए हैं.

# अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू

भूस्खलन के बाद आज 7908 यात्री हुए रवाना

बालटाल-पहलगाम दोनों मार्गों से प्रस्थान

**जम्मू, 18 जुलाई.जम्मू बेस कैंप से अमरनाथ यात्रा एक दिन के लिए स्थगित होने के बाद शुक्रवार सुबह 7,908 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था बम बम भोले का जयकारा लगाते हुए यात्री निवास भगवती नगर बेस कैंप से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ.**

बालटाल मार्ग पर भूस्खलन और भारी बारिश के कारण कल जम्मू और पहलगाम-चंदनवाड़ी बेस कैंप से किसी भी जत्थे को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई थी.हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री आज 261 वाहनों के बेड़े में बेस कैंप से रवाना हुए.



उन्होंने आगे कहा, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 7,908 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू बेस कैंप से कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ.उन्होंने आगे बताया कि 2,879 तीर्थयात्री पहलगाम और 5,029 तीर्थयात्री बालटाल के लिए 261 वाहनों के काफिले में रवाना हुए, जिनमें हल्के मोटर वाहन और भारी मोटर वाहन दोनों शामिल थे.38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा दोनों मार्गों से दो जुलाई को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ शुरू हुई. यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होगी. अब तक 2 लाख से अधिक तीर्थयात्री इस तीर्थस्थल के दर्शन कर चुके हैं.

# केजरीवाल का भाजपा राज्य में दूसरा दौरा

## गुजरात में किसान पंचायत और जनसभा को करेंगे संबोधित

23 जुलाई को महापंचायत आयोजित

किसानों-पशुपालकों के समर्थन में आएंगे

**अहमदाबाद,18 जुलाई .आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 23 जुलाई से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर जाएंगे. इस दौरान दोनों नेता किसानों और पशुपालकों के समर्थन में किसान-पशुपालक महापंचायत में हिस्सा लेंगे.**



इसके अलावा, दोनों नेता जेल में बंद आम आदमी पार्टी विधायक चैतर वसावा के समर्थन में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे. 24 जुलाई को वे डेडियापाड़ा में वसावा के खिलाफ दर्ज कथित झूठे मामलों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएंगे .विसावदर उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत के बाद केजरीवाल का भाजपा शासित राज्य का यह दूसरा दौरा होगा.

जो आगामी जानकारी के अनुसार, महापंचायत 23 जुलाई को अरावली जिले के मोडासा में आयोजित की जाएगी.



## वैन-लोडर में भिड़ंत बच्ची और अध्यापिका की मौत

**अमरोहा, 18 जुलाई.** उत्तर प्रदेश में अमरोहा जिले के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक स्कूली बस और लोडर की भिड़ंत में एक छात्रा और अध्यापिका की मृत्यु हो गई जबकि दो टीचर व वैन चालक समेत 13 लोग घायल हो गए. पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह एक पब्लिक स्कूल की वैन बच्चों को लेकर जा रही थी. वैन में तीन अध्यापिका समेत 15 लोग सवार थे.

# सैनिकों के बयान पर संसद में हो चर्चा

## भारतीय लड़ाकू विमान गिरा, सरकार ने नहीं किया खुलासा

**नयी दिल्ली, 18 जुलाई. कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य संघर्ष में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान गिरे हैं लेकिन राजनीतिक कारणों से उनका खुलासा नहीं किया गया है और ना ही कोई आधिकारिक बयान इस बारे में सरकार ने दिया है.**

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने एक लेख को शेयर करते हुए लिखा है कि इस ऑपरेशन में भारतीय सेवा की



विमान गिरे हैं और देश से इस तथ्य को छुपाया गया है लेकिन भारतीय सेना के अधिकारियों ने इसका खुलासा किया है इसलिए सरकार को इस मुद्दे पर संसद में जवाब देना चाहिए.

खेड़ा ने कहा,हमारे रक्षा कर्मियों ने जो खुलासे किए हैं उनकी अनुगूंज लंबे समय तक रहेगी क्योंकि इसके जरिये वह सब सामने आया है जो देश की जनता जानना चाहती थी.

## न्यायिक कर्मियों की हड़ताल से ठप कामकाज

**जयपुर, 18 जुलाई** .राजस्थान में करीब 1638 अधीनस्थ अदालतों में न्यायिक कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश पर जाने से न्यायिक कामकाज ठप हो गया है.

चार दिन से भूख हड़ताल कर रहे न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण जोशी ने शुक्रवार को बताया कि राज्य के 21 हजार न्यायिक कर्मचारी कैडर पुनर्गठन की लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर हैं. ये कर्मचारी पिछले पांच दिनों से जयपुर सत्र न्यायालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. कर्मचारियों में सरकार की अनदेखी को लेकर रोष व्याप्त है.

### एक नजर में



## लापता विमान का मलबा मिला

**सिडनी.** पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में लापता विमान का मलबा खोज लिया गया है लेकिन इसके चालक के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है.अधीक्षक एंड्रयू स्पीलिएट ने बताया कि विमान पूरी तरह से नष्ट हो चुका है. इस विमान को 74 वर्षीय डेविड स्टीफंस चला रहे थे. उनके अलावा इस विमान में और कोई नहीं था. सिडनी के दक्षिण में स्थित एक स्थानीय हवाई अड्डे के लिए उन्होंने उड़ान भरी थी लेकिन जब वह वहाँ नहीं पहुँचे तो खोज अभियान शुरु किया गया. इस हल्के विमान के लिए मंगल वार से खोज अभियान चल रहा था. न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने बताया कि इस एक इंजन वाले 1966 मॉडल बीच क्राफ्ट डेबनॉयर 35-ए33 विमान का मलबा एक खोजी हेलिकॉप्टर ने गुरुवार शाम लगभग चार बजे खोज निकाला.

## केरल : निपाह संपर्क सूची में 674 लोग

**तिरुवनंतपुरम.** केरल के विभिन्न जिलों में वर्तमान में कुल 674 लोग निपाह वायरस संपर्क सूची में हैं .स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि इनमें से 131 मलप्पुरम से, 426 पलक्कड़ से, 115 कोझिकोड से और एक-एक एर्नाकुलम और त्रिशूर जिलों से हैं .उन्होंने कहा,आइसोलेशन पूरा करने के बाद 84 लोगों को संपर्क सूची से हटा दिया गया है. मलप्पुरम में 12 लोग आइसोलेशन में इलाज करा रहे हैं .अब तक जिले से 88 नमूनों की जाँच में रिपोर्ट निगेटिव आई है. आइसोलेशन अवधि पूरी करने के बाद मलप्पुरम से 81, पलक्कड़ से दो और एर्नाकुलम से एक व्यक्ति को संपर्क सूची से हटा दिया गया है. वर्तमान में, पलक्कड़ में 17 लोग आइसोलेशन में इलाज करा रहे हैं.

## बच्ची से बलात्कार का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**फर्रुखाबाद.** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद बालिका के साथ बलात्कार और हत्या के आरोपी को मार गिराया. मृतक बदमाश की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का ईनाम घोषित था.पुलिस सूत्रों ने बताया कि कायमगंज कोतवाली क्षेत्र की आठ वर्षीय बालिका मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के घर आयी थी जहां से 27 जून को बालिका लापता हो गयी. बाद में उसका शव मैनपुरी जिले के थाना भोगांव ग्राम देवीपुर के एक खेत से 28 जून को बरामद किया गया.

# राष्ट्रपति ने आकांक्षा दीदियों को सराहा

- राष्ट्रपति भवन में सम्मान समारोह
- महिलाओं से आत्मनिर्भरता पर संवाद
- आकांक्षा को सभी जिलों में फैलाएं

**लखनऊ 18 जुलाई .उत्तर प्रदेश में आकांक्षा समिति में कार्यरत दीदियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन बुला कर उनका सम्मान किया.गुड्डी देवी, मुन्नी खरवार, हलीमा और माया लोदी के लिये यह एक अविस्मरणीय पल था जब राष्ट्रपति ने उनके साथ आत्मीय संवाद किया.**

इस विशेष भेंट में राष्ट्रपति मुर्मू ने आकांक्षा और मसाला मठरी



केंद्र में कार्यरत महिलाओं की आय, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे विषयों पर गहन बातचीत की. उन्होंने महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में आकांक्षा को सक्रिय रूप से कार्यरत करने का सुझाव दिया.

## मुंबई में आवासीय इमारत का हिस्सा गिरने से 11घायल

**मुंबई ,18 जुलाई.** मुंबई के बांद्रा(पूर्वी) हिस्से में आज तड़के तीन मंजिली आवासीय इमारत (चाल) का एक हिस्सा गिरने से कम से कम 11 लोग जख्मी हो गए हैं और इसके मलबे कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। दमकल विभाग के सूत्रों के अनुसार यह दुर्घटना सुबह 5:45 हुई। यह 37 नंबर चॉल नमाज समिति मस्जिद के निकट, बीकेसी, भारत नगर में स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 11 लोगों को निकाल लिया गया है। घायलों को पास के भाभा अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। बचाव कार्य अभी भी जारी है।


# तनावमुक्ति के लिए खेल जरूरी

पुलिस बलों में खेल से सुधार और उत्साह बढ़ेगा

हर दल को मिले तीन पदक का लक्ष्य

**नयी दिल्ली 18 जुलाई.केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार कहा कि सभी पुलिसकर्मी खेल को नियमित जीवन का हिस्सा बना कर तनाव से मुक्त भी रह सकते हैं और कार्य की गुणवत्ता में सुधार भी ला सकते हैं.**

शाह ने यहां '21वें विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल-2025' में 613 पदक विजेताओं और भारतीय दल के लिए आयोजित अभिनन्दन समारोह



सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि गुजरात में वर्ष 2029 में आयोजित होने वाले 'विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल' में अर्जुन की तरह ही एक लक्ष्य साधकर हर खिलाड़ी पदक जीतने के लिए आगे बढ़े 2036 के ओलंपिक की पदक तालिका में भारत शीर्ष पांच में होगा।

# अनुष्का संग नई सियासत की राह पर तेजप्रताप

आरजेडी झंडा हटा, लगाया नया

महुआ से चुनाव लड़ने के संकेत

**पटना, 18 जुलाई.आरजेडी और लालू परिवार से बाहर किए गए तेज प्रताप यादव बिहार विधानसभा चुनाव से पहले अपनी नई पार्टी बनाने जा रहे हैं. जल्द ही वे इसका ऐलान कर सकते हैं.**

सूत्रों के हवाले से यह खबर सामने आ रही है कि अनुष्का



यादव भी उनके इस नए राजनीतिक सफर में उनके साथ हो सकती हैं.पटना में अपने सरकारी आवास पर रह रहे तेज प्रताप यादव लगातार अपने समर्थकों के साथ बैठकें कर आगे की रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं.

## सड़क हादसे में भाजपा युवा मोर्चा के नेता की मौत



**अमेठी 18 जुलाई.** उत्तर प्रदेश के अमेठी में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे की एक सांड से टकराने से मृत्यु हो गयी.पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि परथाना क्षेत्र के बाईपास पर बीती देर रात भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे (27) की बाइक एक सांड से टकरा गई. हादसे में गंभीर रूप से घायल को इलाज के मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

# मुंबई को मिला रचनात्मक संस्थान

## आईआईसीटी से देश को मिलेगा नया कौशल मंच

**मुंबई,18 जुलाई.महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान ( आईआईसीटी ) के पहले परिसर का उद्घाटन किया।**

आईआईसीटी-एनएफडीसी परिसर के उद्घाटन और वेव्स 2025 परिणाम रिपोर्ट के विमोचन के अवसर पर बोलते हुए, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, वेव्स 2025 ने रचनाकारों की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दी है।भारत के प्रमुख तकनीकी और प्रबंधन संस्थानों की तर्ज पर एक रचनात्मक आईआईटी के रूप में परिकल्पित, आईआईसीटी आधुनिक सामग्री प्रौद्योगिकियों में स्किल-आधारित प्रशिक्षण प्रदान करेगा इस कैंपस में एक आधुनिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया गया है.

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई, जो देश की एंटरटेनमेंट कैपिटल और सूचना प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र है, वहां आईआईसीटी-एनएफडीसी कैंपस की शुरुआत एक ऐतिहासिक कदम है इस कैंपस का पहला चरण 400 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है।

### आज का इतिहास

1827 स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे का जन्म.

1870 फ्रांस ने प्रशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.

1940 अडॉल्फ हिटलर ने ग्रेट ब्रिटेन को आत्मर्समपण करने का आदेश दिया.

1969 भारत सरकार ने देश के चौदह बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया.

1974 क्रांतिकारी उधम सिंह की अस्थियों को लंदन से नई दिल्ली लाया गया.

1976 नेपाल में सागरमाथा पार्क बनाया गया.

1988 महावीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैन्य अधिकारी राजीव संधू का निधन.

## 10 जिलों में 'सूखे जैसी' स्थिति की घोषणा

**गुवाहाटी, 18 जुलाई.**असम के 10 जिलों में इस वर्ष औसत से 40 प्रतिशत कम वर्षा हुई है जिसे देखते हुए सरकार इन जिलों में 'सूखे जैसी' स्थिति की घोषणा कर सकती है. असम के मुख्यमंत्री सरमा ने शुक्रवार को बताया कि इन जिलों में कोकराझार, बारपेटा, धुबरी, बक्सा, बोंगाईगांव, डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया जिले शामिल हैं. मुख्यमंत्री ने कहा, असम में सूखे जैसी गंभीर स्थिति के मद्देनजर मंत्रिमंडल ने इसे राज्य-विशिष्ट आपदा माना है और एसडीआरएफ मानदंडों के अनुसार चयनित जिलों में प्रभावित लाभार्थियों को मुआवजा देने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की है.उन्होंने कहा कि सूखे जैसी स्थिति की घोषणा से किसानों को फसल बीमा योजना जैसी विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

**तीखा हमला** ▶ **मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ियों को आतंकी कहने वालों पर साधा निशाना**

# लातों के भूत बातों से नहीं मानते : योगी

**लखनऊ, 18 जुलाई. सावन के पवित्र महीने में कांवड़ यात्रा को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुलकर अपना पक्ष रखा है. उन्होंने कांवड़ियों को उपद्रवी या आतंकी कहने वालों पर तीखा हमला बोला.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग कांवड़ियों को उपद्रवी बता रहे हैं, वे वही हैं जिन्होंने जनजातीय समाज को राष्ट्र से काटकर रखा था. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर जातीय भेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं.

वाराणसी में भगवान बिरसा



मुंडा पर आधारित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन में पहुंचे योगी ने कांवड़ यात्रा और मुहर्रम के जुलूस दोनों पर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि मुहर्रम का किसी ने विरोध नहीं किया, लेकिन सरकार ने हादसों को रोकने के लिए कुछ नियम बनाए, जिनमें ताजिए की लंबाई सीमित रखने को कहा गया था. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने जानबूझकर इसका उल्लंघन किया, जिसका परिणाम जौनपुर में एक बड़े हादसे के रूप में सामने आया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई. उन्होंने कहा कि उपद्रव करने की नीयत से लोगों ने रास्ता जाम कर दिया, जिसके बाद पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा, क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मान सकते.

एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दो-तीन साल पहले एक आगजनी की घटना हुई थी. तब उन्होंने कहा था कि यह आगजनी किसी विशेष समुदाय ने नहीं की होगी. जांच में पता चला कि आगजनी करने वाला व्यक्ति भगवा गमछा पहने था, लेकिन उसके मुंह से या अल्लाह निकला. उन्होंने ऐसे लोगों को चिह्नित कर समाज से बाहर करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया जा सके .कांवड़ यात्रा पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ियों को आतंकी और उपद्रवी बताकर मीडिया के एक हिस्से में मीडिया ट्रायल किया जा रहा है.

## अवैध निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**नयी दिल्ली, 18 जुलाई ( वार्ता )** उच्चतम न्यायालय ने चांदनी चौक इलाके में कथित रूप से बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध निर्माण कार्यों के लिए शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की जमकर फटकार लगाई और पुलिस को इलाके में अनधिकृत ईंट लगाते हुए पाये जाने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया.न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने डॉ. एस. जेटली एवं अन्य बनाम दिल्ली नगर निगम और अन्य मामले में सुनवाई करते हुए ये गंभीर टिप्पणियां कीं और निर्देश दिए.शीर्ष न्यायालय ने उस इलाके की उन सभी संपत्तियों को सील करने का निर्देश दिया, जहाँ अनधिकृत या अवैध निर्माण होता पाया जाए.

# विशेष समिति की जांच पर सवाल

## न्यायमूर्ति वर्मा ने दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नयी दिल्ली, 18 जुलाई. न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने दिल्ली के अपने आधिकारिक आवास पर नकदी बरामद होने? के मामले में दोषी ठहराए जाने की कार्रवाई की वैधता को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है.**

न्यायमूर्ति वर्मा ने एक रिट याचिका दायर कर अपने मामले में गठित न्यायाधीशों की एक विशेष समिति की आंतरिक जाँच रिपोर्ट में दोषी ठहराए जाने की कार्रवाई की वैधता को चुनौती दी है. उन्होंने याचिका में आंतरिक प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया से इनकार करने का आरोप लगाया है. उन्होंने न्यायाधीशों उक्त समिति की जाँच शुरू करने से



पहले औपचारिक शिकायत दर्ज न किए जाने का मुद्दा भी उठाया.न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि 22 मार्च, 2025 को उनके खिलाफ आरोपों का खुलासा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति अपलोड करने के शीर्ष अदालत के कृत्य से मीडिया में तीखी अटकलें लगाई गईं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और गरिमा धूमिल हुयी है.